**COMMENCEMENT CEREMONY OF 2013 BATCH- 01-Aug-2013**

# **Press Clippings:** 3-Aug-13

प्रभात खबर रांची, शनिवार 3 अगस्त, 2013 06

## इक्कफाइ विवि में नये बैच का स्वागत

**रांची** ■ इक्कफाइ विवि (झारखंड) में 2013 बैच के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि विवि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के लिए मूल्यों व नैतिकता पर एक कोर्स सभी पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है. इसके लिए विवि व रामकृष्ण मिशन आश्रम के साथ समझौता हुआ है. उन्होंने कहा कि सफलता का मूल मंत्र दृढ़ संकल्प, अनुशासन, समर्पण व परिश्रम है. वरिष्ठ शैक्षणिक सलाहकार डॉ केके नाग ने कहा कि सभी छात्रों में विकसित होने की असीम क्षमता होती है, लेकिन इसकी संभावनाएं एकाग्रता व प्रयासों पर निर्भर है. कुलसचिव डॉ बीएम सिंह ने कहा कि विवि छात्रों का ध्यान इस तरीके से रखेगा कि उन्हें घर से दूर घर जैसा एहसास होगा. मौके पर डीन प्रो एएस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद सहित फैकल्टी, अधिकारी, विद्यार्थी व उनके अभिभावक मौजूद थे.



दृढ़ संकल्प, अनुशासन, समर्पण व परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है.

4 | दैनिक जागरण रांची, 3 अगस्त 2013



इक्फाई विवि में वर्ष 2013 बैच के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह शुक्रवार को हुआ। छात्रों का स्वागत विवि के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने किया।

11 हिन्दुस्तान
• रांची • शनिवार •03 अगस्त 2013

## इक्फाई विश्वविद्यालय में स्वागत समारोह

**रांची।** इक्फाई विवि में शुक्रवार को सत्रारंभ होने के मौके पर स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में वीसी प्रो ओआरएसराव ने कहा कि विवि अपेक्षित ज्ञान, व्यवसायिक कौशल और दक्षता प्रदान करने के माध्यम से छात्रों को उत्कृष्ट पेशेवरों में परिवर्तित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर डॉ केके नाग, विवि के कुलसचिव डॉ बीएम सिंह ने भी छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रो एएस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर, 03 Aug 2013, Page 7

## इक्फाई यूनिवर्सिटी में नए स्टूडेंट्स का स्वागत

इक्फाई यूनिवर्सिटी में नए स्टूडेंट्स का स्वागत



⊞ Enlarge Image

रांचीत्रइक्फाई यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को नए सत्र के स्टूडेंट्स का स्वागत किया गया। मौके पर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि यूनिवर्सिटी छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल और दक्षता प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। संस्थान ने सभी पाठ्यक्रमों के छात्रों के चरित्र निर्माण के लिए मूल्यों एवं नैतिकता पर भी एक पाठ रखा है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. बीएम सिंह, प्रो. एएस प्रसाद, प्रो. मदन प्रसाद सहित अन्य संकायाध्यक्ष और शिक्षक उपस्थित थे।